## एक नजर में

### थोड़ी सी बारिश में घंटों बिजली बंद

**देवास।** अभी तो बारिश आई ही नहीं है कुछ दिनों से शहर में अचानक बारिश हो रही है थोड़े समय की बारिश के चलते विद्युत प्रदाय तत्काल बंद हो जाता है फिर घंटों शहर के अलग-अलग क्षेत्र में लाइट बंद रहती है। जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो जाता है व्यापार व्यवसाय प्रभावित हो जाते हैं विवाह समारोह बारिश के चलते तो प्रभावित होते ही है वहीं बिजली प्रदाएं बंद हो जाने से भी परेशानी खड़ी हो जाती है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी कार्यकारी अध्यक्ष प्रवक्ता सुधीर शर्मा ने बताया कि विद्युत मंडल लगातार विद्युत मेंटेनेंस के दावे कर रहा है लेकिन मंडल के सारे दावे खोखले साबित हो रहे हैं। असली बारिश तो अभी शुरू ही नहीं हुई है जो 15 जून के बाद होगी अगर इसी तरह विद्युत मंडल का मेंटेनेंस चलाता रहा तो ऐसा लगता है की बारिश में रात-रात भर विद्युत पदार्थ बंद रहेगा। कांग्रेस ने मांग की है कि विद्युत मंडल बारिश के पहले युद्ध स्तर पर मेंटेनेंस कार्य प्रारंभ करें जिससे बारिश के दिनों में विद्युत प्रदाय लगातार होता रहे।

### कुल्हाड़ी से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**देवास।** 18 अप्रेल को थाना पीपलरावा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोयरा में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के मध्य मारपीट की घटना घटित हुई थी। उक्त विवाद में रामचंद्र, राधेश्याम, सीताराम चौहान, मनोज एवं श्रवण द्वारा कमल सिंह निवासी खोयरा एवं उनके परिवारजनों पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया गया था। उक्त घटना मे कमलसिंह, अमरसिंह, शैतानबाई, संगीता बाई एवं सावन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पीपलरावा में अपराध क्रमांक 116/25 धारा 118 (2), 115(2), 296, 351,3 (5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद ने घटना की जांच कर जल्द आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनकच्छ दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी पीपलरवां श्री विजेन्द्र सोलंकी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित कर जांच की गई। प्रारंभिक विवेचना में आरोपी राधेश्याम, सीताराम एवं मनोज को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। प्रकर का मुख्य आरोपी घटना दिनांक से फरार हो गया था जिसे आज दिनांक को आरोपी रामचंद्र पिता तुलसीराम को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### जप्तशुदा वाहनों की करवाई जा रही है नीलामी

**देवास।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में लगातार लम्बे समय से प्रदेशभर के विभिन्न थानों में विभिन्न प्रकरणों में जप्तशुदा वाहनों की नीलामी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ये वाहन थानों के परिसरों में लंबे समय से खड़े हैं, जिससे थाना परिसरों में अव्यवस्था की स्थिति बन गई है। इस निर्देश के तहत पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा थानों में अलग-अलग प्रकरणों में जप्त किए गए वाहनों की सूची तैयार करवाई गई है, जिनकी राजसात की कार्यवाही जिला दण्डाधिकारी देवास से पूर्ण करवाई जा चुकी है। इसके उपरांत अनुविभागीय अधिकारियों से आदेश प्राप्त कर नीलामी की कार्यवाही करवाई जा रही है। इसी अनुक्रम में थाना सिविल लाईन परिसर में थाना सिविल लाईन अन्तर्गत जप्त किये गये 24 दो पहिया एवं 01 चार पहिया कुल 25 वाहनों की नीलामी दिनांक 14 मई 2025 को की जावेगी। यह नीलामी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया, अनुविभागीय दंडाधिकारी देवास बिहारी सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक दीशेष अग्रवाल की उपस्थिति में की जावेगी।

### बच्चों के लिए पहाड़ा प्रतियोगिता

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने समर वैकेशन (ग्रीष्म कालीन अवकाश) में कक्षा 01 से लेकर 5वीं तक के बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अनूठी पहल प्रारंभ की है। जिले के कक्षा 01 से 5वीं तक के बच्चों द्वारा 01 से 25 तक का पहाड़ा सुनाने पर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए 10 मिनिट का समय निर्धारित किया गया है। कम से कम समय में 01 से 25 तक पहाड़ा सुनाने वाले टॉप-10 बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता की अवधि 15 जून तक होगी। प्रतिभागी बच्चों को 10 मिनिट के अंदर पहाड़ा 01 से 25 तक सुनाते हुए वीडियो बनाकर अपने संबंधित स्कूल प्राचार्य के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करना होगा। इस प्रतियोगिता में शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। विजेता टॉप-10 प्रतिभागी विद्यार्थियों को कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी देवास 99265-00317, डीपीसी-98936-68626 से संपर्क कर सकते हैं।

### संकुल स्तर पर टॉपर आने पर सम्मानित



**कन्नौद।** देवास जिले के कन्नौद विकास खण्ड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बागानखेड़ा में अध्यनरत छात्र राघव नायक को कक्षा दसवीं में संकुल स्तर पर टॉपर होने पर देवास जिला कलेक्टर ऋतुराज द्वारा जिला मुख्यालय पर सम्मानित किया गया छात्र को उसकी मेहनत व विंध्यालय के शिक्षकों के सफल मार्गदर्शन के लिये छात्र के परिजनों ने विद्यालय के स्टाफ़ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया साथ ही छात्र को सभी शिक्षकों ने हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कार से 4 पेटी देशी मदिरा के परिवहन करते गिरफ़्तार



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी देवास द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसमें दिनांक 12.05.2025 को आबकारी वृत्त देवास ब में मुखबिर सूचना के आधार पर देवास से बरोठा रोड़ पर एक कार क्रमांक एम पी 09 सी एन 8122 को रोककर विधिवत तलाशी लेने पर गाड़ी की डिक्की से 04 पेटी देशी मदिरा प्लेन बरामद हुई जो चालक द्वारा अवैध रूप से संग्रह कर परिवहन किए जाने से उसके विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद् कर विवेचना में लिया गया जप्त सामग्री एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग रुपए 215000 है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक ,प्रेम यादव , आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, दीपक धुरिया आरक्षक आशीष सैनिक किशोर सिसोदिया ,अनिल चोहान सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### पीडब्ल्यू की प्रज्ञा जैस्वाल ने कक्षा 10 में टॉप किया

देवास. एजुकेशन कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के एमपी बोर्ड वाला ने कक्षा 10वीं के मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के परिणामों में शानदार प्रदर्शन करने वाले अपने छात्रों की सफलता का जश्न मनाया। पीडब्ल्यू के 10 छात्र राज्य के टॉप 10 रैंकर्स में शामिल हैं. इस सूची में शामिल हैं- प्रज्ञा जैस्वाल (रैंक 1), आयुष द्विवेदी (रैंक 2), अनुराग कुमार साहू (रैंक 5), सौरभ त्रिपाठी और वैष्णवी शुक्ला (रैंक 6), वेदिका पटेल (रैंक 7), अभिमन द्विवेदी और आयुष प्रजापति (रैंक 8), शुभम तिवारी (रैंक 9), और वेदिका चौरसिया (रैंक 10). ये सभी छात्र पीडब्ल्यू के उड़ान और रूद्र एमपी बोर्ड वाला बैचों का हिस्सा थे. इसके अलावा, 248 छात्रों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं. फिजिक्सवाला के संस्थापक और शिक्षक, अलख पांडे ने इस अवसर पर कहा ये परिणाम छात्रों की मेहनत और हमारे शिक्षण केंद्रों की सोच को दर्शाते हैं. हम देशभर के छात्रों को इसी तरह मार्गदर्शन और अनुभवी शिक्षकों की सहायता प्रदान करते रहेंगे.

# वृंदावन धाम-1 कॉलोनी में सीवरेज व जल भराव की विकराल समस्या

**5 वर्षों से सीवरेज लाइन जर्जर, बारिश में जलमग्न होता है कॉलोनी गेट**

**प्रशासनिक उदासीनता से रहवासी त्रस्त**



**देवास।** वार्ड क्रमांक 2 की वृंदावन धाम-1 कॉलोनी में सीवरेज और जल निकासी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि बीते पांच वर्षों से सीवरेज लाइनें क्षतिग्रस्त हैं, जिनकी मरम्मत अब तक नहीं की गई। नतीजा यह है कि बारिश के दिनों में गंदा पानी सड़कों पर बहता है और खाली प्लॉटों में भरकर मच्छरजनित बीमारियों को न्योता देता है। रहवासियों के अनुसार, कॉलोनी में लगभग सभी चेम्बर टूट चुके हैं और पाइप लाइनों में लीक के कारण सीवरेज का पानी गलियों में फैल रहा है। इस दुर्गंध और गंदगी के बीच रहना लोगों के लिए नर्क समान हो गया है। छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को इस स्थिति में सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी के मुख्य गेट पर जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण थोड़ी सी बारिश में ही घुटनों तक पानी भर जाता है। वहीं कालोनीवासियों की माने तो गेट के पास बने अवैध मकान पानी रुकने की मुख्य वजह है। बताया जा रहा है कि नगर निगम ने ग्रीन बेल्ट में बने इस मकान को बनाने के लिए अवैध रूप से आवास योजना के तहत राशि भी जारी की। इसमें कई कर्मचारी नगर निगम के मिले हुए हैं। नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है। और इसी के चलते कॉलोनियों के लोग परेशान हो रहे हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद भी कोई समाधान नहीं निकल पा रहा है। जल जमाव से न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि दोपहिया वाहन चालक अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। पैदल चलने वालों के लिए रास्ता पार करना मुश्किल हो जाता है। रहवासियों ने बताया कि नगर निगम को इस समस्या के संबंध में कई बार लिखित और मौखिक रूप से शिकायत की गई है, लेकिन किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही अब तक नहीं हुई है। प्रशासन की इस उदासीनता से जनता में गहरा आक्रोश है।

**आंदोलन की चेतावनी**

समस्या का समाधान जल्द नहीं होने की स्थिति में कॉलोनीवासियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने जिला कलेक्टर से मांग की है कि वृंदावन धाम-1 कॉलोनी की सीवरेज और जल निकासी की समस्याओं का स्थाई समाधान शीघ्र कराया जाए ताकि कॉलोनीवासियों को राहत मिल सके।

## महात्माओं की जयंती मनाना समाज को प्रेरणा देता है : परिहार



**देवास।** भगवान गौतम बुद्ध की जयंती पर सर्व श्रेष्ठ बलाई समाज द्वारा खीर का वितरण किया गया। उज्जैन चौराहे पर बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर पहले भगवान गौतम बुद्ध और बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर फिर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आने जाने वाले महिला पुरुषो बच्चों को खीर का वितरण प्रारभ हुआ जिसमें शाम तक करीब दो कुन्टल खीर का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आत्माराम परिहार ने कहा कि परिहार ने बताया कि भगवान गौतम बुद्ध का जन्म 563 ई पु कोलमबी नेपाल में हुआं था 35 वर्ष की उम्र 6 वर्ष की तपस्या के पश्चात गया बिहार में निरंजना नदी के किनारे पीपल वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था और उसके बाद प्रथम उपदेश सारनाथ में दिया था उसके बाद उन्होंने बौद्ध धर्म की स्थापना की थी जो धर्म चक्र परिवर्तन कहा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेंद्र राधाकृष्णन मालवीय, वरिष्ठ समाज सेवी प्रो बी एस मालवीय, सर्व बलाई समाज के अध्यक्ष मनीष सोलंकी, अजा परिषद के प्रांतिय सचिव मदन लाल जेठवा, जिला अध्यक्ष आत्माराम परिहार, डॉ पवन कुमार चिलौरिया, डॉ मुन्ना सरकार, जी पी डोंगरे, हेमराज परमार, मुकेश बडोदकर, इन्दरसिंह ठाकुर, सत्यवान पाटिल, रमेशचंद्र पंवार, जितेन्द्र तालोद, गब्बरसिंह आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारी बैठक आज

**देवास।** राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जनजागरण और देश के वीर सैनिकों के शौर्य का सम्मान करने हेतु भाजपा द्वारा एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारत माता के वीरों की गाथा को समाज के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित की जाएगी। रायसिंह सेंधव ने बताया कि इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारी के संदर्भ में एक समन्वय बैठक कल दिनांक 14 मई, बुधवार को सायं 5 बजे, स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में आयोजित की गई है। इस बैठक में समाज के समस्त वर्गों सहित व्यापारिक संगठन, पूर्व सैनिक संगठन, खेल संगठन, उद्योग संगठन, महिला संगठन, युवा संगठन, धार्मिक एवं सामाजिक समितियाँ, अभिभाषक संगठन, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े संगठन, पत्रकार संगठन, शिक्षण संस्थाएं एवं सभी जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति अपेक्षित है। यह तिरंगा यात्रा न केवल राष्ट्रभक्ति का प्रतीक होगी, बल्कि नागरिकों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सजग एवं संगठित करने की दिशा में एक प्रेरक प्रयास सिद्ध होगी। उक्त जानकारी कमल अहिरवार ने दी।

# विंध्याचल अकादमी का सीबीएसई परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**छात्रों ने बिखेरी सफलता की चमक**



**देवास।** शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान विंध्याचल अकादमी ने सीबीएसई की 2025 की 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता का परिचय दिया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय एवं संतोषजनक रहा, जिससे छात्र, अभिभावक एवं विद्यालय प्रबंधन गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों विज्ञान, वाणिज्य में उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए। विद्यालय के टॉपर राजवर्धन सिंह राजपूत ने वाणिज्य संकाय में 95.4.प्रतिशत, विज्ञान संकाय में मनोजीत नाथ ने 87.6 प्रतिशत, अंक अर्जित किए। इसी प्रकार 3 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 3 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक, 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं अन्य 20 विद्यार्थियों ने 60 से 70 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विद्यालय के कक्षा 12 वी का समग्र परिणाम 99 प्रतिशत रहा। वहीं 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भी अपनी मेहनत और लगन से बेहतरीन प्रदर्शन किया। कुल छात्रों में से 35 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, जिनमें नंदिनी कुशवाह ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 22 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक, 19 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक एवं अन्य सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा विद्यालय के कक्षा 10 वीं का समग्र परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की समर्पित तैयारी और अभिभावकों के सहयोग का यह परिणाम है। विंध्याचल अकादमी हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है।

# विश्व शांति व सद्भाव हेतु वैश्विक स्तर का पावन पुनीत गृह गृह गायत्री यज्ञ संपन्न

**देश के लाखों घरों में बड़ी श्रद्धा से हुए गायत्री यज्ञ**



**देवास।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में वैश्विक स्तर पर विश्व के लाखों श्रद्धालु परिजनों ने किए बड़ी श्रद्धा और उमंग के साथ अपने अपने घरों पर गायत्री महायज्ञ साथ ही पड़ोसी, सगे संबंधी एवं मित्रों को भी प्रेरित किया गायत्री महायज्ञ के लिए जिसका उद्देश्य राष्ट को स्वस्थ, समर्थ और संस्कारवान बनाना है। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष गायत्री परिवार द्वारा बुद्ध पूर्णिमा को बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ देशभर में पुनीत गृह गृह गायत्री महायज्ञ अभियान को संपन्न करता आ रहा है, इसी क्रम में इस वर्ष भी बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को देवास जिले की सभी तहसीलों मे पूर्ण उत्साह व उल्लास के साथ इस अभियान को संपन्न किया गया जिसमें देवास तहसील में 1829, हाटपिपलिया 525, कन्नौद 604, बागली 309, सोनकच्छ 117, खातेगांव 1152, सतवास 25, टोंकखुर्द 27, उदयनगर 114 इस प्रकार कुल 4702 घरों में गृह गृह गायत्री महायज्ञ संपन्न हुए। जिला जेल अधीक्षक हिमानी मनवारे के मार्गदर्शन में जिला कारागार देवास में भी बन्दी भाईयों ने बड़ी उमंग एवं उत्साह के साथ यज्ञ में आहुतियां प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने यज्ञ के दौरान बन्दी भाईयों से अपने जीवन की बुराइयों की तिलांजलि देने की अपील की जिससे कई बन्दी भाई प्रेरित हुए और उन्होंने बुराई छोड़ अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प लिया। जिला जेल उप अधीक्षक अनिल दुबे ने गायत्री परिवार के इस आयोजन की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर के आयोजन में संरक्षिका दुर्गा दीदी ने कहा कि पुनीत पावन गृह गृह गायत्री महायज्ञ अभियान का एक ही उद्देश्य है कि घर-घर में गायत्री और यज्ञ पहुंचे जिससे घर का वातावरण शुद्ध, पवित्र और संस्कारवान बन सके। जिला समन्वयक हरिराम जिराती ने कहा कि घर में यज्ञ का प्रभाव महत्वपूर्ण होता है। यज्ञ के माध्यम से यजमान अपनी बुराइयां छोड़ता है और अच्छाई ग्रहण करता है जिससे परिवार देव परिवार बनता है एवं इससे परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी का सपना ष्मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरणष् का लक्ष्य पूर्ण होता है। पुनीत गृह गृह गायत्री यज्ञ अभियान को सफलता तक पहुंचाने में जिले के सभी तहसील प्रभारी गिरीश गुरु, डॉ. राजेंद्र व्यास, हरिप्रसाद पांडे, राजेंद्र शर्मा, पुष्करलाल गुप्ता, आशीष गुप्ता, सुरेश भारद्वाज, रमेशचन्द्र मेहता, रविन्द्र नायक, कुंदन गुप्ता सहित कार्यकर्ताओं में रमेश नागर, उर्मिला सोनी, नीति श्रीवास्तव, वंदना पाटीदार, पुरषोत्तम परमार, मंजू पटेल, जयप्रकाश नाड़ेकर सहित कई परिजनों का विशेष सराहनीय योगदान रहा। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी महेश पंड्या एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजेंद्र पोरवाल ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी परिजनों का आभार किया।

# 12वीं एवं 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**सतपुड़ा एकेडमी ने रचा इतिहास**

**देवास।** मक्सी रोड स्थित सतपुड़ा एकेडमी के विद्यार्थियों ने 12वीं के साथ-साथ 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में भी शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर विद्यालय एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और संकल्प के साथ न केवल उत्तीर्णता प्राप्त की, बल्कि उच्च अंक अर्जित कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। 12वीं कक्षा के कॉमर्स संकाय में प्रेरणा बैस ने 91.4प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निहारिका वर्मा ने 86.2त्न पृथ्वीराज सिंह परिहार ने 82.4प्रतिशत और किरण वर्मा ने 74.8त्नअंक हासिल किए। बायो संकाय में अथर्व उपाध्याय ने 80.4प्रतिशत, रोशनी ने 75.8प्रतिशत और महक पटेल ने 72प्रतिशत अंक अर्जित किए। मैथ्स संकाय में श्रुति कारपेंटर ने 74.2प्रतिशत और सोनम चौहान ने 72.4प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त की इसी प्रकार 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परिणाम के साथ विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को कायम रखा। विद्यालय की इस दोहरी उपलब्धि पर वैभव विहार शिक्षा समिति के अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, संस्था संचालक भानुप्रताप सिंह सेंधव, प्राचार्य वी.एस. जाब, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि रघुवंशी एवं समस्त स्कूल स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।

**एक नजर** 34 विद्यार्थियों ने 80 से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किये

## सी जी ट्यूटोरियल्स के 44 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए 80 प्रतिशत से अधिक अंक



**देवास।** शहर में सीबीएसई कक्षा 12वी व 10वी के परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित हुए लगातार श्रेष्ठ परिणाम देने वाली शिक्षण संस्था में कुल 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए एवं 34 विद्यार्थियों ने 80 से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इस संस्था की यही खासियत है कि यहाँ सिर्फ दो चार नही अनेक विद्यार्थी करतें हैं श्रेष्ठ प्रदर्शन।

कक्षा 10 वी मैं खुशी पूनिया 96 प्रतिशत, आयुष सिंह 93.8, हर्षल गर्ग 93.4, चेतना गावंडे 93 , अद्वैत शेरे 92.8 ,अनुज पाटिल 92.6, स्वीटी शिवहरे 90.2, मीनाक्षी आसनानी 90, कोमल देवड़ा 90 ,मान्यता चंदेल 90 ,फरहान अली 89.4, शौर्य वर्मा 89.4, मनन पंडित 88.8, दिशा गुप्ता 88.4, अपेक्षा धोते 88, प्रेम प्रकाश मीणा 87, वैदिक माठा 86.4, रजत परमार 86 ,अनूप दुबे 85.8 ,अर्चित सेंधव 85 ,दर्शन जैन 84.6 ,कनक पोहानी 84.2, मनी पांडे 83.2, राघव शर्मा 82, निशा मालवीय 81.4, पलाक्षी राजोले 81.4, शरद गुप्ता 81.4 ,पायल गल्फत 80.6, कार्तिक सारंगे 80.4 ,चीनी गुप्ता 80 ने प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सी बी एस ई कक्षा 12वीं में जिनेंद्र जैन 87.6 ,लक्ष्मी प्रताप 86, सचिन रीलोटिया 84 ,जिया नगर 82.8 ,अली उमर 81.6 ,आदित्य श्रीवास्तव 81, वंश यादव 81, आशना अली 80.8, अरमान अंसारी 80.4, अंक प्राप्त किए। सी जी ट्यूटोरियल्स के एमपी बोर्ड के विद्यार्थियों ने भी बहुत अच्छे परीक्षा अंक प्राप्त किये कक्षा 12वी में चिन्मय पिंपले 87.2, अदिति हरदिया 86.6 एवं 10वी में आलोक कामदार 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सी जी ट्यूटोरियल्स के कुल 44 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए। सीजी के संचालक आशीष गुप्ता ने बताया कि कक्षा के 75 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किये। संस्था का लक्ष्य कक्षा के सभी विद्यार्थियों का बेहतर परीक्षा परिणाम देना है। श्री गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की बधाई दी और उच्च शिक्षा के लिए मार्गदर्शन भी दिया।

## स्व का जागरण ही व्यक्ति में आत्मबल का विकास करता है : पंवार

**देवास।** 13 मई मंगलवार को प्रांत की योजनानुसार आचार्य दक्षता वर्ग के अष्टम दिवस के सामूहिक वंदना एवं संवाद सत्र में पंकज पंवार (प्रांत प्रमुख,विद्या भारती मालवा नगरीय शिक्षा) का आतिथ्य प्राप्त हुआ। अतिथि परिचय विभाग समन्वयक उज्जैन विभाग एवं आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग के वर्ग संयोजक महेंद्र भगत द्वारा कराया गया। अतिथि स्वागत प्रशिक्षार्थी आचार्य बंधु/भगिनी ने किया। मुख्य वक्ता के रूप श्री पंवार ने माँ यशोदा एवं भगवान के बाल रूप की क्रियाओं का प्रसंग बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के मुख में माँ यशोदा ने देखा कि मेरे छोटे से बालक के मुख में सारा ब्रह्मांड समाया हुआ हैं। लीलावती ग्रंथ में पृथ्वी गोल हैं इसका प्रमाण मिलता हैं। स्व का जागरण करना आवश्यक हैं। जहां भेद ना हो वो स्व हैं। स्व का बोध हमारी कर्म, धर्म, संस्कृति, भाषा, वेशभूषा, स्वयं पर विश्वास आदि से होता हैं। स्व का जागरण एवं बोध के अंतर्गत देश बोध, संस्कृति बोध, समाज बोध एवं आध्यात्म बोध विषय पर आपका विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।


**कार्यालय नगर परिषद कांटाफोड जिला देवास (म.प्र.)**
cmokantafod@mpurban.gov.in

क्रमांक /519/2025 कांटाफोड़ दिनांक 09.05.2025

//दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना//

एतत् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है, कि नगरीय क्षेत्र कांटाफोड़ में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक में म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 (बी. एल.सी. घटक) अंतर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के दस्तावेजो का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र हितग्राहियों कि सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति प्राप्त किये जाना है। हितग्राहियों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 09.05.2025 से 16.05.2025 को समय 6 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावें आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय अवधि उपरांत किसी प्रकार कि आपत्ति मान्य नही होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण किये जाने वाले हितग्राहीयों की सूची नगर परिषद कांटाफोड़ एवं तहसील कार्यालय सतवास के नोटिस बोर्ड पर आम चस्पा की गई है। जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कांटाफोड़



**कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)**

क्रमाक /56/स्व.भा.मि./2025 देवास, दिनांक 09/05/2025

**//निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https:/ / mptenders. gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_VAD_ 422164_1 09.05.2025 | स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-2026 के अंतर्गत पी.आर. मडिया एण्ड ऐक्टिविटीज के कार्य हेतु इमपेनलमेंट ऑनलाईन ई-निविदा प्रपत्र। | 12 माह 1000000/- | 2,000/- 30,000/- | 30.05.2025 6.00 pm |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)